**खबर संक्षेप**

### बंधा में नहाने गई बालिका की डूबने से मौत

**शहडोल।** जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के छूदा गांव के बंधा में नहाने गई 11 वर्षीय बालिका की डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया मृतिका निशी बी पिता जाकिर उम्र 11 वर्ष निवासी छूदा अपने भाई के साथ सुबह बंधा के समीप महुआ बीनने गई थी, महुआ बीनते-बीनते बालिका अकेले ही बंधा चली गई और नहाने लगी। जिसमें वह डूब गई और उसकी मौत हो गई है। भाई ने जब काफी देर बाद देखा तो वह कहीं दिखाई नहीं दी।

**बंधा के ऊपर रखे थे कपड़े**

भाई ने उसकी तलाश शुरू की तो बंधा के ऊपर उसके कपड़े रखे थे और वह कहीं दिखाई नहीं दे रही थी। जिसके बाद आसपास के लोगों को बालिका के भाई ने इसकी जानकारी दी। लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले की खबर दी गई। स्थानीय युवकों ने जब तक बंधा में बालिका की तलाश शुरू कर दी कुछ देर बाद ही शव बंधा में पानी के अंदर मिल गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई के लिए शव अस्पताल भेजा और पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### तेज गति से अनियंत्रित कार से बालक घायल



**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन रोड लगन पैलेस के पास बुधवार की शाम तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित कार के अचानक मोड़ने से सड़क के किनारे साइकिल पर चल रहे 12 वर्षीय बालक बाल-बाल बचा,प्रत्यक्ष दृश्य ने बताया कि यह गाड़ी बहुत तेज गति से सड़क पर दौड़ रही थी कि अचानक टर्निंग आने पर चालक ने गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाया, वहीं सड़क के किनारे एक बच्चा साइकिल चला रहा था जिसे चोट आई है, अगर सड़क के किनारे पड़े एक पत्थर व नाली की वजह से गाड़ी अचानक रुक गई नहीं तो शायद एक बड़ी घटना घट सकती थी, वही देखते ही देखते लोगों का हुजूम सड़क पर लग गया। इस कार में सवार तीन महिलाएं और तो पुरुष रहे, सड़कों पर हंगामा देखते हुए सभी लोग गाड़ी छोड़कर चले गए, जहां कुछ देर बाद लोगों ने इसकी सूचना थाना कोतवाली को दी, वहीं कोतवाली पुलिस मौका स्थल पर पहुंची और कार किआ एमपी 17 सीसी 4722 को थाने ले आया गया, जहां उसकी आगे की कार्रवाई चल रही है।

### मतदान केन्द्रों में पहुंचा मतदान दल, फूलमाला से हुआ स्वागत



**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर, ब्यौहारी एवं जैतपुर में 19 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु आज मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में पहुंच गये है तथा मतदान दलों का मतदान केंद्रों पर पहुंचने पर तिलक लगाकर फूल-माला से स्वागत किया गया। इसी कड़ी में मतदाताओं द्वारा विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर के मतदान केंद्र गिरूईबडी, बडकाडोल, ठेंगरहा, भुरका सहित अन्य मतदान केंद्रों में फूलमाला एवं तिलक लगाकर मतदान दलों का स्वागत किया गया।

### मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करें : कलेक्टर



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि 19 अप्रैल को पूरा शहडोल लोकसभा निर्वाचन में मतदान कर रहा है जिसमें सीधी और शहडोल संसदीय क्षेत्र का मतदान होगा, इसके लिए सभी मतदान केन्द्र, मतदान हेतु तैयार है, पोलिंग पार्टी तैयार है।

# लोकसभा चुनाव आज: 17 लाख 76 हजार मतदाता डालेंगे वोट

## मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस में, 10 प्रत्याशी आजमा रहे भाग्य

शहडोल संसदीय सीट के लिए निर्धारित तिथि 19 अप्रैल को सुबह 7 से मतदान प्रारंभ हो रहा है जो शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। लोकसभा के इस चुनाव में संभाग के चारों जिलों के कुल 17 लाख 76 हजार 730 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 9 लाख 1 हजार 220 पुरुष तथा 8 लाख 75 हजार 944 महिला एवं थर्ड जेंडर के 20 मतदाता हैं।



शहडोल।

ज्ञातव्य है कि 196 मतदान केंद्रों में संचालन का कार्य पूरी तरह महिलायें करेंगी। क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा से 2199 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्र पहुंच चुके हैं। लोकसभा संसदीय क्षेत्र में शहडोल लोकसभा में शहडोल जिले की दो जयसिंहनगर एवं जैतपुर, अनूपपुर जिले की तीन कोतमा, अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़, उमरिया जिले की दो मानपुर व बांधवगढ़ एवं कटनी जिले की एक बडवारा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जो कि10 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। 462 मतदान केंद्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है। 128 मतदान केंद्रों का माडल मतदान केंद्र बनाया गया हैं। वहीं लोकसभा के पांच मतदान केंद्रों को पूरी तरह दिव्यांग कर्मचारी संभालेंगे।

### शहडोल अनूपपुर मतदाता स्थिति

शहडोल जिले की जयसिंहनगर विधानसभा में 301 मतदान केंद्र में 2 लाख 58 हजार 180 जिसमें पुरुष 1 लाख 30 हजार 534, महिला 1 लाख 27 हजार 640 एवं 6 अन्य, जैतपुर विधानसभा के 315 मतदान केंद्रों में कुल मतदाता 2 लाख 49 हजार 248 एवं 4 अन्य, जिसमे पुरुष 1 लाख 25 हजार 938, महिला 1 लाख 23 हजार हजार 275 एवं अन्यम 4 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। अनूपपुर जिले में 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 2 लाख 69 हजार 492 पुरुष, 2 लाख 66 हजार 95 महिला मतदाता और 7 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 51 हजार 979 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 76 हजार 587 पुरुष तथा 75 हजार 388 महिला मतदाता तथा 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 80 हजार 538 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 91 हजार 491 पुरुष, 89 हजार 45 महिला मतदाता और 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 3 हजार 77 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें एक लाख एक हजार 414 पुरुष, एक लाख एक हजार 662 महिला मतदाता और 1 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### जिले में 699 मतदान केंद्र, 3072 मतदान कार्मिकों की तैनातगी

उमरिया जिले की की बांधवगढ़ विधानसभा में 271 मतदान केंद्रों में 2 लाख 28 हजार 539 जिसमें पुरूष 1 लाख 16 हजार 493, महिला 1 लाख 12 हजार 44 एवं दो अन्य, मानपुर विधानसभा में 314 मतदान केंद्र में 2 लाख 50 हजार 166 जिसमें पुरुष 1 लाख 28 हजार 561 महिला मतदाता 1 लाख 21 हजार 605 मतदाता हैं। कटनी जिले की बड़वारा विधानसभा में 299 मतदान केंद्रों में 2 लाख 55 हजार 3 जिसमें पुरुष 1 लाख 30 हजार 202, महिला 1 लाख 25 हजार 285 अन्य 1 शामिल हैं।

### उमरिया बड़वारा की स्थिति

उमरिया जिले की की बांधवगढ़ विधानसभा में 271 मतदान केंद्रों में 2 लाख 28 हजार 539 जिसमें पुरूष 1 लाख 16 हजार 493, महिला 1 लाख 12 हजार 44 एवं दो अन्य, मानपुर विधानसभा में 314 मतदान केंद्र में 2 लाख 50 हजार 166 जिसमें पुरुष 1 लाख 28 हजार 561 महिला मतदाता 1 लाख 21 हजार 605 मतदाता हैं। कटनी जिले की बड़वारा विधानसभा में 299 मतदान केंद्रों में 2 लाख 55 हजार 3 जिसमें पुरुष 1 लाख 30 हजार 202, महिला 1 लाख 25 हजार 285 अन्य 1 शामिल हैं।

### 26 आदर्श मतदान केंद्र

अनूपपुर जिले में 26 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जानकारी अनुसार कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 5, अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में 10 और पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 11 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 192 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ भी बनाए गए हैं। शहडोल लोकसभा की 8 विधानसभा में 192 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। अनूपपुर जिले में 45, शहडोल जिले में 51, उमरिया जिले में 66 एवं बड़वाडा विधानसभा 30 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। जिनमें कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15, अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 और पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं।

### दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था

शहडोल लोकसभा की 8 विधानसभा में 462 मतदान केंद्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की बनाया गया हैं। जिसमें अनूपपुर जिले की तीन विधानसभा में 235 मतदान केंद्र शामिल हैं। शहडोल जिले की दो विधानसभा में 197, बड़वाडा विधानसभा में 30 मतदान केंद्र हैं। उमरिया जिलेकी दोनो विधानसभा में कोई नहीं हैं। जयसिंहनगर विधानसभा में 130, जैतपुर विधानसभा में 67, कोतमा विधानसभा में 45, अनूपपुर विधानसभा में 100 और पुष्पराजगढ़ विधानसभा में 90 मतदान केंद्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है।

### 70 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति

निर्वाचन एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से अनूपपुर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 70 सेक्टर बनाए गए हैं। जिनमें 70 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही पुलिस अधिकारियों और पुलिस मोबाइल पार्टी की भी तैनातगी की गई है। कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 18 सेक्टरों में 18 सेक्टर अधिकारी, अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 22 सेक्टरों में 22 सेक्टर अधिकारी तथा पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 30 सेक्टरों में 30 सेक्टर अधिकारी बनाए गए हैं। इसके साथ ही एक-एक स्वास्थ्य अधिकारी सेक्टर में तैनात किए गए हैं। जिले में 302 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं।

### मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस में

लोकसभा में 10 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिसमें भाजपा से हिमाद्री सिंह, कांग्रेस से फुंदेलाल सिंह मार्को, बसपा से धनीराम कोल, गोंगपा अनिल सिंह धुर्वे, पीपल्स पार्टी आफ इंडिया अमृतलाल सिंह उइके, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी डा. दुर्गावती भरिया, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी रविकरण सिंह धुर्वे, कम्युनिष्ट पार्टी आफ इंडिया समर शाह सिंह गोंड सहित दो निर्दलीय उम्मीदवार केशकली बैगा और गुंजान सिंह हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच है।



# रामनवमीं के शुभ अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का हुआ आयोजन

शहडोल।

प्रतिवर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर जगह-जगह शोभा यात्रा आयोजित की जाती है। इस वर्ष भी शहर में रामभक्त श्रद्धालुओं के द्वारा श्री रामनवमी के पावन पर नगर के राम जानकी मंदिर, सोहागपुर से प्रारम्भ कर मुख्य मार्गो से नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के लिए अनूठे रूप में अश्व से सुसज्जित रथ तैयार कर छोटे-छोटे बच्चों को श्रीराम, माता सीता, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, हनुमान के रूप में झांकी बनाकर रथ में विराजमान किया गया तथा राम दरबार स्वरूप मानते हुये पूजा-अर्चना की गई। शोभा यात्रा में शहर के सभी रामभक्त उपस्थित रहे तथा पूरी श्रद्धा से भजन गायन और श्रीराम के जयघोष करते हुए चलते रहे। शोभा यात्रा के दौरान बच्चों, माताओं-बहनो में अत्यधिक उत्साह रहा तथा जगह-जगह रामभक्तो के द्वारा स्वागत, वंदन किया गया तथा पुष्प वर्षा की गई। इस अलौकिक शोभा यात्रा से सभी रामभक्तो में पूरा उत्साह रहा एवं शहर के सभी वर्ग के लोगों में हर्षोल्लास देखा गया। सभी मुख्य मार्गों एवं चौराहो से श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मोहन राम मंदिर में प्रभु श्रीराम जी का पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा का समापन हुआ। भव्य रामनवमी शोभा यात्रा के अवसर पर नगर में अधिकाधिक रामभक्त श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संरक्षित जाति को है जान का खतरा

## अजाक थाना पहुंच दर्ज कराई शिकायत

शहडोल।

आदिवासियों पर अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है, वही एक ओर सरकार इनके उत्थान के लिए तरह-तरह की योजनाएं निकाल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिले के जिम्मेदार सरकार की मनसा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। ज्यादातर मामले संभागीय मुख्यालय के आजाक थाने में दम तोड़ रहे हैं इन पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ जांच चल रही है।



### यह है मामला

गोहपारु थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खाड पोस्ट तहसील गोहपारु कि फरियादी रामलली बैगा पति राजेंद्र बैगा उम्र 19 वर्ष ने आजाक थाने में 14 अप्रैल को एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें गांव के ही दबंग लोगों ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें जातिगत गाली देकर गांव से बाहर निकालने की धमकी दे डाली है, जब इसकी शिकायत पीड़ितों ने गोहपारु थाने में करने गए तो वहां के जिम्मेदारों ने उनकी एक न सुनी, समझा बुझा कर भगा दिया, फिर थक हारकर पीड़ित ने इनकी शिकायत संभागीय मुख्यालय के आजाक थाने में कर दी।

### गोहपारु थाने में नही लिखी शिकायत

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल दिन शुक्रवार को गांव के लोग पंचायत लगाकर बैठे थे, जहां हमारी आपसी लेनदेन की बात चल रही थी, इस दौरान गांव के दबंग ऊंची जाति के ग्राम बरहा के राजेश सिंह ठाकुर मुझे गंदी-गंदी गाली देने लगा और जातिवाद अपमानित करने लगा, बोला जैसे नीची जाति के हो वैसे रहो ज्यादा बोलोगी तो मारते हुए गांव से बाहर कर दूंगा, इतने में उसका साथी प्रदीप सिंह ठाकुर ग्राम बरहा आकर मुझे चप्पल से मारने लगा एवं झूमा झपटी कर बीच बचाव कर जबरदस्ती करने लगा, जिस पर मेरे पति राजेंद्र बैगा बचाव कर वहां से भागे और भाग कर गोहपारू थाने में रिपोर्ट लिखाने गए, जहां मुझे डांट कर भगा दिया गया बोले यहां रिपोर्ट नहीं होगा, दबंगो द्वारा मुझे धमकी भी दी गई है कि अगर मैं इनके खिलाफ कुछ भी शिकायत करती हूं तो मेरे साथ कुछ भी घटना कृत हो सकती है, इसके जिम्मेदार राजेश सिंह और प्रदीप सिंह ही होंगे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया स्ट्रांग रूम-कंट्रोल रूम का निरीक्षण

शहडोल।

कलेक्टर तरूण भटनागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा 18 अप्रैल को पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ईव्हीएम वितरण एवं वापसी की व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं पायी गई कमियों को दूर करने हेतु निर्देश दिये गए। इसी प्रकार कलेक्टर कार्यालय स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का जायजा लेकर विभिन्न बिंदुओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



### मतदान दल को दिया जा रहा गुणवत्ताविहीन खाना

**शहडोल।** मतदान करने के लिए जिन दलों को 19 अप्रैल को यहां से रवाना किया जा रहा है, उस दल को बहुत ही गुणवत्ताहीन खाना दिया जा रहा है। जब मतदान दल बस में बैठ रहा, तो उसको भोजन की पैकेट दिए जा रहे हैं।

### व्यवस्थाओं में गड़बड़ी

मतदान दल के सदस्यों ने जब भोजन के पैकेट खोला तो देखा कि उसमें चार रोटी और बासी आलू की सब्जी रखी गई है और यही कारण है कि मतदान दल के सदस्य काफी परेशान हैं। इस तरह का भोजन दिए जाने से निश्चित तौर पर कहीं ना कहीं व्यवस्थाओं की गड़बड़ी सामने आ रही है।

### अपने पैसों से कर रहे नाश्ता

जो मतदान दल 18 अप्रैल को सुबह पॉलिटेक्निक ग्राउंड से रवाना हो रहे हैं उनके भोजन के इस तरह के पैकेट दिए गए हैं मतदान दल जब बूथ पर पहुंचेंगे तो वहां के खानपान की और बाकी व्यवस्था है समूह को देखना है। यह भोजन जो यहां से दिया गया है उसको लेकर कर्मचारी नाराज हैं। यही कारण है कि मतदान सामग्री वितरण स्थल के आसपास जितनी भी चाय-नाश्ते की दुकानें हैं, उन सब पर भारी भीड़ है और दल यहां से खरीद कर चाय-नाश्ता कर रहे हैं।

## चौराहों की आवाजाही असुरक्षित, नपा को चिंता नहीं

# उपेक्षा की मार से बेहोश हो गए ट्राफिक सिग्नल

**शहडोल।** भीड़ भरे चौराहों की आवाजाही को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने ट्राफिक सिगनल संचालित करने का निर्णय लिया था। इसके बाद सिगनल लगाने और उसके तकनीकी संचालन की जिम्मेदारी नगरपालिका को दे दी गई थी। पूर्व में तो स्थिति ठीक रही लेकिन पिछले करीब एक वर्ष से सिग्नलों की सर्विस चरमरा गई और महीनों बंद पड़े रहते हैं। सिगनल बंद रहने से यहां पर ट्राफिक पुलिस भी नहीं रहती है। इस तरह चौराहों की यातायात व्यवस्था एकदम असुरक्षित सी हो गई है। किसी दिन यहां गंभीर हादसा हो सकता है। जानकारी मिली कि सिग्नल का संचालन किसी ठेकेदार के माध्यम से होता है वह लापरवाही करता है और समय पर सिग्नल का रखरखाव नहीं होने से वे बंद हो जाते हैं। ठेकेदार केवल अपना लाभ देख रहा है लेकिन जनहित की जो बड़ी जिम्मेदारी है उसकी ओर से वह लापरवाह बना रहता है। लेकिन नगरपालिका उसकी नकेल नहीं कस पा रही है।

**महीनों से बंद पड़े सिगनल-** नगर में यातायात का ट्राफिक सिग्नल सिस्टम महीनों से ठप्प पड़ा हुआ है। चौराहों की आवाजाही में फिर से भर्रा मचने लगा है। सड़कों की भीड़ एक साथ चौराहों पर घुसने लगी है। शुभकामना चौक तो सर्वाधिक असुरक्षित दिखाई पड़ती है। यहां सिगनल लगने के पूर्व और सिगनल लगने के बाद भी पुलिस कर्मी तैनात रहता था। लेकिन इन दिनो वह काफी से चौराहों पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। इस चौक से होकर कई दफ्तर और शिक्षण संस्थानों के लिए रास्ता गुजरता है, गैस गोदाम है, पाण्डवनगर की कई कालोनियां हैं इसलिए यहां दिन भर भीड़ बनी रहती है। किसी दिन लापरवाही के कारण यहां गंभीर हादसा हो सकता है। नगरपालिका का ठेकेदार शायद उसी दिन चेतेगा।

**ऐसा हुआ था अनुबंध-** ठेकेदार से नगरपालिका का अनुबंध हुआ था कि सड़कों के किनारे लगे विज्ञापनों की राशि वह वसूल कर अपने उपयोग में लेगा उसके बदले वह नगर के मुख्य चौराहों में ट्राफिक सिगनल संचालित करेगा। लेकिन ठेकेदार साल के कुछ महीने सिग्नल सर्विस जारी रखता है और बाकी समय सर्विस बंद कर पैसा बचाता है। जबकि दूसरी ओर वह विज्ञापनों की वसूली निरंतर करता है।



## खबर संक्षेप

### शुष्क दिवस घोषित, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तरूण भटनागर ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा-1 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 द्वितीय चरण में मैहर जिले में मतदान 26 अप्रैल को होने के दौरान मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व 24 अप्रैल को शाम 06 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शुष्क दिवस के दौरान शहडोल जिले की कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान देवलोंद पूर्णतः बंद, मदिरा क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### मतदान का संदेश देने मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु बुधवार को जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं शत.प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु संभागीय मुख्यालय के जय स्तंभ चौक से न्यू गांधी चौक होते हुए महात्मा गांधी स्टेडियम तक मैराथन दौड़ आयोजित की गई। मैराथन दौड़ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुद्रिका सिंह, अशोक मरावी सहित काफी संख्या में युवाओं ने सहभागिता निभाई तथा अधिकारियों द्वारा सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, अपना फर्ज निभाना है वोट डालने जाना है, मेरा वोट, मेरी पहचान शत-प्रतिशत करना है मतदान जैसे अन्य नारे लगाकर 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की गई।

### डिप्टी सीएम ने हिमाद्री के पक्ष में मतदान करने की अपील



**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल लोकसभा सीट समेत 6 सीटों पर 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। आदिवासी वोटरों को साधने के लिए बीजेपी के दिग्गज लगातार चुनावी सभाओं में हुंकार भर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला शहडोल पहुंचे और लोगों से मुलाकात कर लोगों बीजेपी प्रत्याशी हिमाद्री सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान डिप्टी सीएम कांग्रेस पर भी जमकर बरसे। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला जिले के अमलाई पहुंचे और लोगों से भेंट-मुलाकात कर हिमाद्री सिंह के पक्ष में वोट की अपील की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों के बखान किया। वहीं कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि देश में कांग्रेस का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। राजेंद्र शुक्ला ने उदाहरण दिया कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की नीति से प्रभावित होकर कांग्रेसियों का बीजेपी में शामिल होने का सिलसिला जारी है। उसे देख लगता है कि कुछ दिन में कांग्रेस विहीन हो जाएगी।

### गांजा बेचते वीडियो हुआ वायरल

**शहडोल।** जिले के दरशिला पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम लेटरिया का एक वीडियो इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है। इसमें एक घर से गांजा बेचा जा रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद से नित-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। दरशिला पुलिस चौकी के अंतर्गत कई गांव नशे और पशु तस्करी का केंद्र बने हुए हैं। इन्हीं गांवों में से एक है लटेरिया, जहां कारोबार बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। जिले के दूरवर्ती क्षेत्र में बसे इन गांवों के जागरुक ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि हमने पुलिस को मामले की जानकारी कई बार दी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर ग्रामीण कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### सचिवों के अपने रजिस्टर, मूल्यांकन-सत्यापन की परंपरा भी टूटी

# पंचायतों में अंकुश बिना फेल हो रहा सरकारी सिस्टम

**प्रशासनिक अफसरों की ढिलाई के कारण ग्राम पंचायतों में सरकारी सिस्टम धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। यहां केवल सरपंच-सचिव दो ही स्वामी और सरकार हैं जो अपनी हुकूमत चला कर शासन का खजाना खाली कर रहे हैं।**

**शहडोल।** अफसरो का सच यह है कि व्यवस्था कायम क रने की बजाय वे भी इनके चरणदास बन कर मलाई छान रहे हैं। पंचायतों में हर सचिव अपना काउंटर, अपना रजिस्टर संधारित करता है। ग्रामपंचायतों में पनपते भ्रष्टाचार से क्षुब्ध ग्रामीण जनता ने कई बार शिकायतें कीं लेकिन शिकायतों का निराकरण कभी नहीं होता है। पंचायतें भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकीं हैं। निर्माण कार्यों में भर्रा, मटेरियल सप्लाई में फर्जीवाड़ा तो आम बात हो चुकी है। नियमों का कहीं भी पालन नहीं होता है और न अधिकारी कभी खोज खबर लेते हैं। सरपंच सचिव सब अपने मन की अंधेर मचा रहे हैं। और तो और यह भी कम हैरानी की बात नहीं कि वर्षों से तबादले के बाद किसी सचिव ने प्रभार नहीं सौंपा। उपयंत्रियों ने अधिकांश निर्माण कार्यों का न मूल्यांकन किया और न उनकी सीसी जारी हुई। वर्षों से जिले में इस तरह का भर्रा मचा हुआ है लेकिन जिला प्रशासन और जनपद को इसकी खबर लेने की फुर्सत नहीं है। इन स्थितियों में विकास के वास्तविक कार्य अवरुद्ध पड़े हैं।




#### कहां गया प्रभार देने का सिस्टम

पंचायत में अविरत भ्रष्टाचार करने के बाद जब सचिव का किसी अन्य पंचायत में तबादला हो जाता है तो वह नए सचिव को बिना प्रभार दिए बिना चला जाता है। नया सचिव भी इसके लिए अधिक चिंता किए बिना अपना नया रजिस्टर खोल कर अपने ढंग से काम शुरू कर देता है। पुराने सचिव के कार्यकाल की तस्वीर क्या थी कितने कार्य कहां बकाया हैं और किस स्थिति में हैं उनकी तरफ वह देखता भी नहीं है। ऐसा ही वह सचिव भी करता है जो नया कार्यस्थल ज्वाइन करता है। इस तरह वर्षों के अंतराल में हुए कार्य सैकड़ों की संख्या में अधूरे और उपेक्षित पड़े हैं। उनका न तो अब कोई लेखा जोखा हो रहा है और न उनका कोई लाभ हो रहा है क्योंकि वे पूर्ण नहीं हुए हैं। जबकि कार्यों की अधिकांश राशि आहरित की जा चुकी है।

#### उपयंत्रियों की अपनी गोटी

पंचायती भ्रष्टाचार में तकनीकी अमला भी पीछे नहीं रहता है। कोई उपयंत्री किसी कार्य का मूल्यांकन नहीं करता है, क्योंकि वह जानता है कि मूल्यांकन करने से वह फंस जाएगा। मूल्यांकन नहीं करने से कार्य की पूर्णता नहीं हो पाती है उनकी सीसी जारी नहीं हो पाती है। जब तक वह किसी पंचायत में रहा उसका रवैया यही रहा जब किसी दूसरी जगह उसका तबादला हुआ तो वह भी बिना प्रभार दिए चला जाता है। उसकी जगह दूसरा उपयंत्री भी अपने समय के कार्यों तक सीमित रहता है वह भी अपना राजिस्टर चलाने लगता है। यहां विभाग के अनुशासन और नियमों की कोई पूछ परख नहीं हर कोई अपना रजिस्टर चला रहा है। जबकि पुराने कार्यों का समापन होना चाहिए उनका लाभ मिलना चाहिए। केवल खर्च होता है पर लाभ नहीं मिलता है। बड़े अधिकारी भी यह खेल तमाशे की तरह देख रहे हैं।

#### गड़बड़झालों से बेजार सीईओ

पंचायतों की नकेल सीईओ जनपद कस सकते हैं लेकिन उन्हे भी कोई सरोकार नहीं रहता है। जनपद कार्यालयों में इस बात का रिकार्ड रहता है कि कहां कितने काम कब जारी हुए और कौन सा काम किस स्थिति में है। लेकिन जनपद सीइओ कभी इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करते कि वर्षों से पड़े अधूरे कार्य क्यों पूरे नहीं हो पा रहे हैं। जबकि राशि लगातार निकल रही है, राशि तो खर्च हो रही है पर उसका जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। वर्षों के अंतराल में करोड़ों के काम हुए पर आज तक पूरे कोई नहीं हुए। संबंधित एसडीओ ने उनकी कभी सीसी जारी नहीं की। सीईओ जिला पंचायत और कलेक्टर ने भी कभी नहीं पूछा कि काम क्यों पूरे नहीं होते और वर्षों से यह भर्रा क्यों मचा हुआ है। माना जा सकता है कि सब चोर चोर मौसेरे भाई ही हैं। सबको धनलाभ चाहिए, सरकारी काम में किसकी गरज पड़ी है।

## कमिश्नर एवं एडीजीपी ने पॉलीटेक्निक कॉलेज में चुनाव सामग्री वितरण व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद तथा शहडोल पुलिस जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी.सी. सागर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों को सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर श्री जामोद ने मतदान दलों को सुगमतापूर्वक चुनाव सामग्री वितरण की व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश दिए। एडीजीपी डी.सी. सागर ने मतदान दलों के लिए वाहन व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने 100 प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के मतदाता जागरूकता के सार्थक प्रयास पर बल दिया। कलेक्टर तथा रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ ने जिले के विधानसभा क्षेत्रवार मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा सहित सर्व संबंधित जन उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव की पुलिस बल ने की तैयारियां पूर्ण

**उमरिया।** लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को जिला उमरिया में मतदान किया जाना है। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस बल की समस्त तैयारियां पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के कुशल नेतृत्व में पूर्ण हो चुकी हैं। आम चुनाव के मद्देनजर जिले में 200 की संख्या से अधिक सशस्त्र अर्धसैनिक बल एवं 750 विशेष पुलिस अधिकारियों सहित कुल 2106 की संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 75 सेक्टर मोबाइल, 10 क्विक रिस्पॉन्स टीम, 10 पर्वेक्षणकर्ता अधिकारी एवं 6 फ्लाइंग सर्विलेंस टीम सहित कुल 170 से अधिक वाहनों के माध्यम से पुलिस बल लगातार क्षेत्र में नजर बनाए हुए है एवं आवश्यकता पड़ने पर किसी भी स्थल पर अथवा मतदान केंद्र पर तत्काल सुरक्षा पहुंचाने हेतु तत्पर है। 10 स्टेटिक सर्विलेंस टीम के माध्यम से जिले की सीमाओं पर नाकेबंदी भी गई है ताकि चुनाव को किसी भी तरह के अनुचित माध्यमों से प्रभावित न किया जा सके।

चुनाव की तैयारियों में इस बार सबसे महत्त्वपूर्ण व्यवस्था कम्युनिकेशन को लेकर की गई है प्रत्येक थाना क्षेत्र में अतिरिक्त रिपीटर लगाए गए हैं ताकि पुलिस बल एवं मतदान केंद्र में पुलिस बल पुलिस कंट्रोल रूम के संपर्क में रहे एवं सूचनाओं का त्वरित आदान प्रदान हो सके।

### कायदों की बलि चढ़ा, सुविधा शुल्क के सहारे छात्रावासों में डटे हैं अधीक्षक

## वर्षों से जमे अधीक्षकों को हटाने के लिए आचार संहिता खत्म होने का इंतजार

**शहडोल।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रावासों में कमीशन के आधार पर अधीक्षकों को प्रभार दिए जाने का खेल चल रहा है। इस खेल में शासन के नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, लेकिन कमीशन के खेल के कारण कोई जांच कार्रवाई नहीं हो पा रही है। छात्रावासों में अधीक्षकों के प्रभार के संबंध में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी अधीक्षक को तीन वर्ष से अधिक किसी भी छात्रावास का अधीक्षक का प्रभार न दिया जाए। जैसे ही किसी अधीक्षक का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होता है, उसे विद्यालय में पढ़ाने के लिए वापस किया जाए और पुनः कम से कम तीन वर्ष के बाद ही किसी छात्रावास के अधीक्षक पद का प्रभार सौंपा जाए। लेकिन जिले में कमीशन के खेल के कारण इस नियम का जमकर माखौल उड़ाया जा रहा है, जिले में कुछ छात्रावास अधीक्षक ऐसे हैं, जो पिछले कई वर्षों से अधीक्षक के पद पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा ऐसे अधीक्षकों को हटाने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

#### क्या है नियम

छात्रावासों में अधीक्षक पद पर नियुक्ति एवं स्थानांतरण के मामले में लंबा खेल आदिवासी विकास विभाग में चल रहा है, सूत्रों की बात माने तो यहां सुविधा शुल्क के आगे नियमों की बलि चढ़ाई जा रही है, आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन दीपाली रस्तोगी द्वारा पत्र क्रमांक/छात्रावास/164/2017/23255 के माध्यम से प्रदेश के छात्रावास अधीक्षकों की पूर्णकालिक संविदा अधीक्षकों की व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए थे। 3 वर्ष की पदस्थापना के उपरांत अधीक्षकों/संविदा अधीक्षकों/संविदा शाला शिक्षकों को स्कूलों में वापस पदस्थ किया जाए और उसके बाद कम से कम तीन साल उपरांत ही पुनः छात्रावास/आश्रमों में पदस्थ किया जाए।

#### 50 फीसदी से ज्यादा अधीक्षक अन्य वर्ग के

आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत जिले में जो छात्रावास संचालित हैं, विभागीय सूत्रों की माने तो जिले में करीब पचास फीसदी छात्रावासों में अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग से परे हटकर अन्य वर्ग के अधीक्षक पदस्थ किए गए हैं। छात्रावासों में अधीक्षकों के प्रभार के संबंध में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी अधीक्षक को तीन वर्ष से अधिक किसी भी छात्रावास का अधीक्षक का प्रभार न दिया जाए। जैसे ही किसी अधीक्षक का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होता है, उसे विद्यालय में पढ़ाने के लिए वापस किया जाए और पुनः कम से कम तीन वर्ष के बाद ही किसी छात्रावास के अधीक्षक पद का प्रभार सौंपा जाए। लेकिन जिले में संचालित छात्रावास के अधीक्षक वर्षों से छात्रावास के अधीक्षक का प्रभारी बनाया गया है।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने सौंपा ज्ञापन

### एक्ट्रोसिटी एक्ट, ईडब्लूएस में संशोधन किया जावे



**शहडोल।** ब्राह्मणों के हित में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा प्रधानमंत्री के नाम पर एक ज्ञापन को सौंपा गया। समस्त ब्राह्मण के हित में 05 बिंदुओं पर केंद्रित सौंपे गये। ज्ञापन में मांग किया गया कि आरक्षण प्रक्रिया में संशोधन किया जावे, यह केवल ब्राहम्ण समाज के लिए ही नहीं पूरे सवर्ण समाज को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। जिस परिवार को एक बार इसका लाभ मिल जाये उन्हें दोबारा प्राप्त ना हो ताकि दूसरी बार किसी दूसरे को लाभ मिल सके। वर्तमान में मध्यप्रदेश में एससी, एसटी और ओबीसी को मिलाकर कुल 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, बाकि अन्य राज्यों में कुछ में समान, तो कुछ में इससे भी अधिक आरक्षण लागू है। जिस प्रकार बचे हुए 50 प्रतिशत में सवर्ण वर्ग से सरकार ने 10 प्रतिशत ईडब्लूएस के नाम पर गरीब खोज लिए उसी प्रकार एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग में से भी उन्हें मिल रहे आरक्षण प्रतिशत के आधार पर गरीब की खोज की जानी चाहिए और जिन मापदण्डों तथा नियमों को ईडब्लूएस में लागू किया गया है उन्हीं मापदण्डों तथा नियमों को उन्हें मिलने वाले आरक्षण प्रतिशत पर लागू किया जाये।

ज्ञापन में कहा गया कि एक्ट्रोसिटी एक्ट में संशोधन किया जावे, इसमें भी प्रायः यह देखने में आ रहा है प्रताड़ना कम इस एक्ट का दुरुपयोग अधिकांशतः होने लगा है, यहां तक कि इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाया जाने लगा है जो निश्चित ही चिंता का विषय है। यह एक्ट कड़ाई से लागू हो लेकिन किसी भी प्रकरण में पहले प्रकरण की विवेचना हो इसका दुरुपयोग रोकने के लिए इसके अंतर्गत एक संशोधन आदेश जारी किया जाये। इसके लाभार्थी द्वारा किसी को आरोपी बनाया जाता है उस लाभार्थी को तत्काल शासन अलग-अलग प्रकरण में अलग-अलग आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाता है और आरोपी पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया जाता है, परन्तु कुछ वर्षों के बाद आरोपी को न्याय पालिका दोषमुक्त कर देती है। इसका कारण दो ही हो सकतें है, पहला आरोपी के विरूद्ध झूठा प्रकरण दर्ज कराया गया अथवा बाद में समझौते के अंतर्गत लाभार्थी ने आरोपी से आर्थिक लाभ प्राप्त कर उसे बरी होने का अवसर दिया। ऐसी स्थिति में हमारा अनुरोध है यदि कोई आरोपी न्यायालय द्वारा इस प्रकार दोषमुक्त होता है तो तत्काल लाभार्थी को प्रारम्भ में मिलने वाली आर्थिक मुआवजे की राशि दो गुनी दोषी आरोपी को लाभार्थी से दिलवाई जावे इससे निश्चित ही झूठे प्रकरण दर्ज नहीं होगे और ना ही इस एक्ट का दुरुपयोग होगा।

इसी तरह 10 प्रतिशत ईडब्लूएस की विसंगतियां समाप्त की जाव, यदि अन्य समाज के जीवन स्तर को उठाने के लिए उन्हें आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है और यह प्रतिशत भी उस सवर्ण वर्ग के जीवन स्तर को उंचा उठाने के लिए मान्य किया गया जिन्हें इसकी आवश्यकता है तो फिर दो तरह के आरक्षण के मापदण्ड कैसे मान्य किए जा सकते हैं। जिस प्रकार अन्य समाजों को आरक्षण जिन मापदण्डों के तहत दिया जा रहा उनमें और इस आरक्षण के मापदण्डों में विभिन्नता है आयु, आय तथा फीस आदिको सभी आरक्षण में एक समान किया जाये ताकि विभिन्नता दिखाई ना दे और वास्तिविक कमजोर वर्ग को इसका लाभ प्राप्त करने में कोई कठिनाई ना आये। ईडब्लूएस प्रावधानों के अनुरूप ब्राहम्ण परिवारों के बच्चों को स्कूली शिक्षा से कालेज शिक्षा तक छात्रवृत्ति प्रदान की जावे। ईडब्लूएस ब्राहम्ण समाज के साथ समस्त सवर्ण समाज लागू है अन्य समाजों पर लागू आरक्षण के साथ ही छात्रवृत्ति, निःशुल्क किताबों-कापियों, ड्रेस, आदि का लाभ बिना किसी आर्थिक स्थिति को नजर में रखकर दिया जाता है। प्रदेश में शासकीय स्कूलों में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक इनमें कुछ लाभ सभी समाज को प्राप्त है। ईडब्लूएस मापदण्डों के अंतर्गत ब्राहम्ण परिवार आते है उनके बच्चों को स्कूली शिक्षा से कालेज शिक्षा तक नियमानुसार छात्रवृत्ति अन्य समाज के अनुसार प्रदान की जाये। ज्ञापन में कहा गया कि अनारक्षित सीटों पर अनारक्षित वर्ग से ही प्रत्याशी बनाया जावे। हमारा अनुरोध है कृपया पंचायत चुनावों से लेकर संसदीय चुनावों तक में अनारक्षित सीटों पर अनारक्षित वर्ग से ही प्रत्याशी बनाया जावे । ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद शहडोल संभागीय अध्यक्ष पं. दया शंकर शुक्ला, जिला अध्यक्ष पं. त्रिलोकीनाथ गर्ग, जिला संयोजक पं. अनिल शुक्ला, संरक्षक पं. बी. पी. शर्मा, पंडित शरद मिश्रा, पंडित निखिल त्रिपाठी, पं. सुशील शर्मा, राममणि शुक्ल ,पं. राम मिलन शर्मा उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने झूलेलाल मंदिर में माथा टेक लिया आशीर्वाद



**अमलाई।** लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, उसी तर्ज पर दोनों ही राजनैतिक दल मतदाताओं से मिलने और उन्हें लुभाने के प्रयास में लगे हुए हैं, मंगलवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला एक दिवसीय दौरे पर संसदीय क्षेत्र पहुंचे, इस दौरान उन्होंने अनूपपुर सहित शहडोल में आमजनों से मुलाकात की और पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अनूपपुर और अमलाई में संगोष्ठी सम्मेलन में शामिल हुए, साथ ही सिंधी धर्मशाला अमलाई स्थित झूलेलाल जी के मंदिर में उन्होंने माथा भी टेका और आशीर्वाद लिया।

#### समाज ने किया सम्मानित

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला मंगलवार की शाम करीब 5 बजे अमलाई बापू चौक स्थित सिंधी धर्मशाला पहुंचे, यहां उन्होंने स्थानीय भाजपा पार्षद पवन चीनी तथा शालू विश्वकर्मा, संजय मौर्य, रामनारायण उरमलिया, राज कुमार तिवारी व भाजपा नेता विवेक पाण्डेय, संतोष टंडन आदि के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपना उद्बोधन दिया, कार्यक्रम से पूर्व धर्मशाला में स्थित झूलेलाल मंदिर में भी राजेन्द्र शुक्ला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, यहां माथा टेककर जहां उन्होंने आराध्य का आर्शीवाद लिया, वहीं सिंधी समाज अमलाई के ओर से उन्हें शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, इस दौरान संतोष छगानी, भरत छगानी, कैलाश लालवानी, अजय वाधवानी, मनीष वाधवानी, ओम प्रकाश डोडानी, सोनू आहूजा, संजय ओटवानी, अशोक डोडानी, अंश लालवानी तथा अन्य समाज के वरिष्ठ, कनिष्ठ भी मौजूद रहे।

## राममंदिरों में रामलला का हर्षोल्लास से मनाया जन्मोत्सव



**शहडोल।** रामनवमी के पावन पर्व पर बुधवार को नगर में हर्षोल्लास और श्रद्धा भक्ति से भगवान राम लला का जन्मोत्सव मनाया गया। मोहनराम मंदिर, पंचायती मंदिर व सोहागपुर रामजानकी मंदिर तथा प्रसिद्ध श्री घरौलानाथ जी हनुमान मंदिर में दोपहर ठीक 12 बजे आतिशबाजी और बाजे गाजे के साथ प्रभु श्री राम का प्राकट्य दर्शाया गया। मंदिरों के पट बंद कर भगवान की पूजा अर्चना की गई और श्लोकों व भजनों का गायन किया गया। अभिषेक, श्रंगार आदि के उपरांत झूले पर रामलला को विराज कर पट खोल दिए गए। दर्शनों के अभिलाषी सैकड़ों भक्तों ने प्रभु के दर्शनों का धर्म लाभ उठाया। इसके पश्वात महिलाओं की भक्त मण्डली ने सोहर, दादरे व मंगल गीत गाकर हर्ष व्यक्त किया। नगर के कई अन्य मंदिरों में भी भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके पश्वात दिन भर भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। शाम के समय एक शोभायात्रा निकाली गई। दिन भर गली कूचों व मंदिरों में श्रीराम के जयकारे और उनके श्लोक गूंजते रहे। कुछ मंदिरों में रामायण पाठ व सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीराम के आदर्श चरित्र का चित्रण किया गया और उनकी करुणा और भक्ति की महिमा का वर्णन किया गया।

## खबर संक्षेप



### आज रीवा आएंगी मायावती

**रीवा।** रीवा एवं सतना में लोकसभा निर्वाचन के लिए वोटिंग दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को होगी। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा-रैलियां कर रहें हैं। इस बीच बसपा सुप्रीमो मायावती आज 19 अप्रैल को रीवा में एक जनसभा को संबोधित करेगी वही रीवा एवं सतना लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से वोट की अपील करेंगी । उत्तरप्रदेश की सीमा से लगे होने के चलते विंध्य, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र बहुजन समाज पार्टी के लिए मजबूत वोट बैंक होता है। इस वजह से मायावती बसपा प्रत्याशियों के लिए इन क्षेत्रों में ज्यादा ज़ोर आजमाइश करना चाहती हैं। इन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में कई स्थानों पर बहुजन समाज पार्टी दूसरे या तीसरे स्थान पर रही है। हालांकि विधानसभा चुनाव में किसी भी प्रत्याशी को जीत हासिल नहीं हो सकी थी। रीवा लोकसभा में अभिषेक पटेल बसपा प्रत्याशी हैं, जबकि सतना में अलग-अलग दलों से चार बार विधायक रह चुके नारायण त्रिपाठी बीएसपी कैंडीडेट हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव मे मैहर क्षेत्र से नारायण त्रिपाठी को हार का सामना करना पड़ा था। अब वे लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशी बनकर उतरें हैं। सतना लोकसभा में BSP के नारायण त्रिपाठी की सीधी टक्कर भाजपा के गणेश सिंह और कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा से होगी। जबकि रीवा लोकसभा में बसपा के अभिषेक पटेल का मुकाबला भाजपा के जनार्दन मिश्रा और कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा से होना है।

### तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन आज से

**कटनी।** कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में सी ई ओ जिला पंचायत के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान एवं तीन दिवसीय अभिभावक छात्र पुस्तक मेला का आयोजन दिनांक 18 से 20 अप्रैल सायं 4 बजे से रात्री 9 बजे तक सुभाष चौक स्थित साधूराम विद्यालय परिसर,में आयोजित किया जाएगा।प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दर पर छात्रों और अभिभावकों को कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है।निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा उक्त स्वीप गतिविधि एवं पुस्तक मेला में समुचित व्यवस्थाओं एवं सफलता पूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराए जाने हेतु संपूर्ण व्यवस्थाओं का प्रभारी/सहयोगी पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त, जागेश्वर पाठक राजस्व अधिकारी एवं निर्वाचन प्रभारी,आदेश जैन प्रभारी सहायक यंत्री को बनाया है। श्री शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि सभी अधिक से अधिक संख्या मे उक्त मतदाता जागरूकता पुस्तक मेले में शामिल होकर मेले का लाभ लेते हुए मतदाता जागरूकता गतिविधियों में अपनी हिस्सेदारी लेते हुए अपने आसपास के नागरिको को भी मतदान हेतु जागरूक करने तथा आगामी दिनांक 19 एवं 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

### मतदान समाप्ति तक साउंड सिस्टम पर लगा प्रतिबंध

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण परिसंचालन और लोक परिशांति बनाये रखने के उददेश्य से मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण तथा ध्वनि प्रदूषण विनियमयन एवं नियंत्रण नियम के तहत प्रथम चरण के लिए शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कटनी जिले के विधानसभा क्षेत्र बड़वारा मे मतदान के 48 घंटे पूर्व 17 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद तथा मतदान दिवस 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक के लिए लाऊड स्पीकर व साउण्ड सिस्टम का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। यह आदेश जिले के विधानसभा क्षेत्र बड़वारा की राजस्व सीमाओं के अंतर्गत प्रभावशील रहेगा।

# खुले बोरवेल को बंद कराने में जुटे अधिकारी

## गांव - गांव किया जा रहा निरीक्षण

ग्रामीण क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल व्यवस्था का प्रमुख आधार ट्यूबेल और बोरवेल हैं। इनमें से अनुपयोगी और खुले बोरवेल कई बार बड़ी दुर्घटना का कारण बनते हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को अनुपयोगी बोरवेल बंद कराने के निर्देश दिये हैं।



रीवा !

इस कार्य की समय सीमा 30 अप्रैल निर्धारित की गयी है। अधिकारियों द्वारा जिले भर में भ्रमण करके अनुपयोगी और खुले टूबेल बंद कराये जा रहे हैं। एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी ने क्षेत्र का भ्रमण कर अनुपयोगी बोरवेल बंद कराने के निर्देश दिये। तहसील सेमरिया में नायब तहसीलदार आंचल अग्रहरी ने ग्राम डड़िया तथा ग्राम तिघरा में बोरवेलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन बोरवेल खुले पाये गये। बोरवेल मालिकों को इन्हें तत्काल बंद कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम तिघरा में बिना जगत के खुले हुए कुंए को बंद कराने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने ग्राम सगरा में कूपों और खुले बोरवेलों का निरीक्षण किया। ग्राम सगरा में भूमिस्वामी उमाकांत मिश्रा को खुले कूप में जगत बनाकर उसे सुरक्षित करने के निर्देश दिये। ग्राम नदहा में भी नायब तहसीलदार ने बोरवेल का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एबी खरे ने ग्राम पंचायत पटेहरा में खुले बोरवेलों का निरीक्षण किया और दो बोरवेल बंद करायें। ग्राम लौरकला में जनपद के सीईओ विनोद पाण्डेय ने अनुपयोगी बोरवेल को बंद कराया। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने ग्राम तिघरा में बोरवेलों का निरीक्षण किया। उन्होंने दो अनुपयोगी बोरवेलों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिये। एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी ने भी तीन गांव का भ्रमण कर अनुपयोगी बोरवेल बंद करायें। जिले भर में अधिकारी भ्रमण करके अनुपयोगी बोरवेलों का सर्वेक्षण कराने के साथ-साथ उन्हें बंद करा रहे हैं।



## बच्चों के व्रतबंध कार्यक्रम में शामिल लोगों को दिलाई नशा मुक्त की शपथ

**रीवा ।** लोगो की नशा से दूर रहने का सन्देश देने वाले सुजीत दुवेदी ने गुरुवार को अपने बच्चो के व्रतबंध कार्यक्रम मे शामिल हुए परिवार रिश्तेदार सहित लोगो की सामूहिक नशा न करने की शपथ दिलाई । दरसल सुजीत दुवेदी लंबे समय से नशा के विरूद्ध लड़ाई लड़ रहें है और लोगो को अलग अलग तारीके से जागरूक कर रहें है । उन्होंने पहले भी बेटी को शादी में और अपनी माता के अंतिम संस्कार में शामिल लोगों के नशा मुक्त कि शपथ दिलाई दी । इसके आलावा भाई वो लगातार समाज सेवा करते हुए लोगो के नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते रहते है।

सफलता की कहानी

## घर से मतदान की सुविधा का लाभ लेकर 101 वर्षीय राजनारायण ने किया मतदान



रीवा !

निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से घर से मतदान की सुविधा दी गयी है। रीवा लोकसभा में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं से डाकमत पत्र से मतदान के लिए निर्धारित प्रापत्र में आवेदन पत्र भरवाये गये। इनके घर जाकर 18 अप्रैल और 19 अप्रैल को मतदान दल मतदान की सुविधा दे रहा है। प्रथम दिन लोकसभा क्षेत्र 10 रीवा के विधानसभा क्षेत्र 75 गुढ़ के ग्राम बुढ़िया में शतायु मतदाता राजनारायण ने मतदान किया। श्री राजनारायण की आयु 101 वर्ष है उन्होंने अब तक के सभी लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतदान दल ने श्री राजनारायण के घर जाकर मतदान कराया। एसडीएम तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर डॉ. अनुराग तिवारी भी मतदान के समय उपस्थित रहे।

### खलिहान में 90 वर्षीय कैलाश ने किया मतदान



निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार दिव्यांग और 85 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को डाकमत पत्र के माध्यम से घर से मतदान की सुविधा दी जा रही है। रीवा संसदीय क्षेत्र में 67 मतदान दल निर्धारित रूटों में भ्रमण करके दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं से मतदान करा रहे हैं। सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटा में मतदान दल खलिहान में जाकर 90 वर्षीय कैलाश प्रसाद को मतदान की सुविधा दी। वरिष्ठ नागरिक कैलाश प्रसाद ने पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का उपयोग किया। डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा मिलने से श्री कैलाश प्रसाद ने घर से ही मताधिकार का उपयोग कर लिया। इसके लिए उन्हें मतदान केन्द्र में जाने की आवश्यकता नहीं हुई।

### गुलाबकली ने घर से डाला वोट

निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी है। बुजुर्ग मतदाता निर्धारित प्रापत्र आवेदन करके इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। रीवा लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र 74 में ग्राम अजगरहा में 92 वर्षीय गुलाबकली मिश्रा ने घर से अपना वोट डाला होम वोटिंग के लिए तैनात मतदान



दल द्वारा श्रीमती मिश्रा के घर जाकर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डाकमत पत्र से मतदान कराया। घर से मतदान की सुविधा मिलने से प्रसन्न गुलाबकली ने पूरे उत्साह के साथ मतदान किया।

# नदी में हाथ पैर बंधी मिली अज्ञात युवक की लाश, हत्या कर लाश फेंकने की आशंका



रीवा।

जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत गुरुवार को बीहर नदी में एक अज्ञात लाश मिली है। लाश के मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी पथ स्थित बीहर नदी मे अज्ञात व्यक्ति की लाश गुरुवार दोपहर एक स्थानीय व्यक्ति ने उफनती हुई देखी गई। तत्काल ही स्थानीय लोगों ने जिसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने लाश को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाश के हाथ और पैर रस्सी से बंधे हुए हैं। वही लाश कई दिन पुरानी बताई जा रही है। जिसकी शिनाख्त अभी नहीं की जा सकी है। पुलिस को लाश के हाथ और पैर बंधे हुए मिले हैं। जिस वजह पुलिस को हत्या कर लाश को नदी में फेंके जाने की आशंका दिखाई पड़ रही है वही मृतक हरे रंग की शर्ट व ग्रे कलर का पैंट पहना हुआ था

### इनका कहना है

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी जहा बिहार नदी में पानी में तैरते हुए एक बॉडी दिखाई पड़ी जिसको बाहर निकलवाया गया लाश के हाथ और पैर बंधे हुए मिले हैं। बॉडी लगभग 5 से 6 दिन पुरानी है जिसके कारण चेहरा पूरी तरह से दिखाई नही दे रहा बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल में फ्रीजर में रखवाया गया है मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस बात की पड़ताल की जा रही है।

**कमलेश साहू सिविल लाइन थाना प्रभारी रीवा**

## नशीली कफ सिरप अवैध रूप से ले जाने वाले दो युवकों को 10 साल की सजा एक लाख का जुर्माना



**रीवा ।** प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहीं लोक अभियोजक श्रीमती शशि तिवारी ने बताया कि अतिरिक्त विशेष न्यायधीश (एन.डी पी. एस. एक्ट) जिला रीवा (म०प्र०) विक्रम सिंह की अदालत में नशीली कफ सिरप के दो आरोपी (1) छोटे उर्फ नारेन्द्र सिंह चौहान पिता कमलभान सिंह चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जमोडी खुर्द थाना जमोडी जिला सीधी (म०प्र०) (2) तथा रोहित कुमार जैयसवाल पिता शिवप्रसाद जैसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम करौदिया थाना जमोडी जिला सीधी (म०प्र०) को दस-दस वर्ष की सजा सुनाई गई है। दिनाक 27.08.2022 को थाना हनुमना जिला रीवा (म०प्र०) को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की बेलोरो कार क्रमांक एम.पी.53 टी.ए. 2016 वाहन से अवैध रूप से नशीली कफ सिरप की खेप उत्तर प्रदेश तरफ से आने वाली है, जो हनुमना बडकुडा बार्डर से हनुमना थाना की सीमा से प्रवेश करेगी। मुखबिर सूचना पाते ही थाना हनुमना की पुलिस दल बल के साथ रवाना हुई और घेराबंदी कर उत्तर प्रदेश की तरफ से आ रही बेलोरो क्रमांक एम.पी. 53 टीए. 2016 वाहन को पकड़ा। पकड़े गये वाहन की तलाशी लेने पर वाहन की सबसे पीछे वाली सीट के पीछे पाँच खाखी रंग के कार्टून मिले। जिसमें कुल 580 शीशी कफ सिरप अवैध रूप से पाई गई। जिसमें प्रत्येक शीशी का मूल्य 120 रू का होना पाया गया। मौके पर ही दोनो आरोपियों को गिफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध कर अतिरिक्त विशेष न्यायधीश (एन.डी.पी.एस.एक्ट) में चालान पेश किया गया। जहाँ लोक अभियोजक श्रीमती शशि तिवारी ने न्यायालय में तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि आरोपीगण द्वारा कारित अपराध गंम्भीर प्रकृति का है। जिससे निश्चित रूप से समाज नशे का आदी हो रहा है। इसलिए आरोपियों को कड़ी से कड़ी से तथा अधिकतम सजा दी जाय। अतिरिक्त विशेष न्यायधीश विक्रम सिंह ने दोनो पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद दोनो आरोपियों छोटे उर्फ नारेन्द्र सिंह चौहान पिता कमलभान सिंह चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जमोडी खुर्द थाना जमोडी जिला सीधी (म०प्र०) एवं रोहित कुमार जैयसवाल पिता शिवप्रसाद जैयसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कराँदिया थाना जमोडी जिला सीधी (म०प्र०) को (एन.डी.पी.एस.एक्ट) की धारा 8 (सी) 21 (सी) के तहत दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास व एक-एक लाख रूपये के अर्थदंण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदंण्ड की राशि अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी पडेगी।

कोतमा मे पुलिस की निष्क्रियता नगरवासियों को कर रही बैचन

# कपड़ा दुकान में तीसरी बार हुई चोरी पुलिस ने एक भी एफआईआर नहीं की दर्ज

**कोतमा।** नगर में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व की चोरी का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई की नई छोरी की वारदात घटित हो जाती है। पूर्व की एक दर्जन से ज्यादा चोरियों का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई। विगत मार्च महीने में वार्ड क्रमांक 7 ज्योति पेट्रोल पंप के पीछे निवास करने वाले शिक्षक सुधीर सक्सेना के यहां लगभग 30 लाख की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा सुनने घर में कर ली गई लेकिन पुलिस आज तक विवेचना करने में ही जुटी हुई है चोरों का पता नहीं लगा पाई। वर्तमान में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू है और पुलिस आमजन को भय मुक्त होने का दावा कर रही है लेकिन नगर में स्थितियां है कि लोग अपने आप को ना तो घर में सुरक्षित महसूस कर पा रहे हैं और ना ही बाहर। चार दिन पूर्व आधे घंटे के अंदर नगर में दो मोबाइल लूट की घटना घटित हुई और इसके पूर्व 9 अप्रैल को खाने के सामने से जब शांति समिति की बैठक चल रही थी तब एक युवक का मोबाइल लूट कर लुटेरे थाने के सामने से भागने में सफल हो गए। जबकि थाने के सामने उच्च क्वालिटी के सीसीटीव्ही कैमरे लगे हैं लेकिन पुलिस आज तक उन लुटेरों का पता नहीं लगा पाई और ना ही पुलिस आज तक मोबाइल लूट का मामला भी पंजीबद्ध कर पाई और नगर में फिर एक चोरी की घटना घटित हो गई। अरिहंत कलेक्शन कपड़ा दुकान में तीसरी बार चोरी पुलिस द्वारा आज तक एक भी एफआईआर दर्ज नहीं की।

नगर के वार्ड क्रमांक 2 रेलवे स्टेशन चौक के पास आदिशक्ति पंचायती मंदिर के सामने अरिहंत कलेक्शन कपड़ा दुकान में अज्ञात चोर द्वारा 15-16 अप्रैल की दरमियानी रात छानी का खप्पर तोड़कर दुकान में घुसे 50 से 53 हजार का कपड़ा चोरी कर ले गए। दुकान के मालिक अशोक जैन ने बताया





कि जब प्रतिदिन की भांति सुबह 10 बजे दुकान खोलकर देखा तो पूरी तरह से कपड़ा फैला हुआ था। अज्ञात चोरों ने कपड़ा चोरी कर ले गए और उसकी कुल कीमत 53 हजार रुपए के लगभग की लगभग है। थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। पिछले 1 साल के अंदर लगातार तीन बार चोरी की घटना घटित हो चुकी है। जिसकी मैं लिखित शिकायत थाने में किया हूं किंतु आज तक पुलिस द्वारा चोरी का मामला दर्ज नहीं किया।

### खोल रहे पुलिस गश्त की पोल

एक ओर कोतमा पुलिस रात्रि कालीन गस्त करने का दावा कर रही है और दूसरी और पुलिस अगस्त के दौरान ही बीच बाजार से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इससे पुलिस के ग्रस्त की पोल खोल नजर आ रही है। नागरिकों ने नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाएं चोरी लूट की वारदात को काम करने एवं चोरी का खुलासा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से करवाने की मांग की है।

# रामनवमी के पावन पर्व पर बिजुरी में जगह-जगह हुए भंडारे के आयोजन



**बिजुरी।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम रामनवमी के दिन बिजुरी नगर के समस्त मंदिरों में बड़े ही विधि विधान के साथ राम जन्मोत्सव मनाया गया तथा जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें नगर के श्रद्धालु श्रद्धा के साथ पहुंच कर भगवान राम की पूजा कर भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया, वैसे तो चैत्र की नवरात्रि के पूरे 9 दिन तक माता रानी के मंदिरों में महिलाओं द्वारा बड़े ही श्रद्धा के साथ पूजन कर माता रानी की आराधना की जाती रही है, रामनवमी के दिन सभी मंदिरों को फूलों व गुब्बारों के साथ सजाकर एक अलग ही आकर्षक माता रानी के भक्तों द्वारा बना दिया गया था। नगर में जगह विशाल भंडारों का आयोजन नगर में भक्तिमय का वातावरण पैदा कर दिया, मंदिरों में भक्तों द्वारा भगवान के भजन भये प्रगट कृपाला दीन दयाला संकीर्तन के साथ श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया, राम जन्मोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों के साथ-साथ बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, बिजुरी नगर नवरात्रि व रामनवमी के संयुक्त त्यौहार से माता रानी व राममय दिखा, नगर वासियों ने भी एक दूसरे श्रद्धालुओं को रामनवमी की बधाई देते हुए लोगों के मंगलमय जीवन की कामना की।

## बसाड़ी के छात्र दीपक पटेल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

बड़वारा

प्रेरणा उत्सव अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिले के समस्त शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें शासकीय उमावि बसाड़ी के होनहार छात्र दीपक पटेल ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का एवं गुरु जनों का मान बढ़ाया है। जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ,प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के संयोजन में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में बैच आठ से राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता हेतु विद्यालय के दीपक पटेल कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय के छात्र का चयन किया गया है उक्त चयन केंद्र सरकार द्वारा जारी चयन सूची जिसमें 1000 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है जिसमें कटनी जिला से दीपक पटेल का चयन किया गया है बसाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी के छात्र दीपक पटेल के चयन होने व इनकी इस विशेष उपलब्द्धि के लिए जिला के शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसाड़ी के प्राचार्य जे.एल. बुनकर ,मार्गदर्शक शिक्षक डॉ विजय पटेल एवं समस्त स्टाफ सहित उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य एवं प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी जुगल किशोर चौरसिया ने भी छात्र दीपक पटेल को शुभकामनाएं दी हैं।

**खबर संक्षेप**

## अनियंत्रित ऑटो पलट से 8 घायल

**अनूपपुर।** थाना कोतमा के अंतर्गत निगवानी गाँव में गुरूवार को अनियंत्रित ऑटो के पलट से 08 लोग घायल हो गए जिन्हें डायल 100 वाहन की मदद से कोतमा अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है। जानकारी अनुसार कोतमा थाना क्षेत्र के ग्राम निगवानी से सवारी भर कर कोतमा जा रहें आटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें 8 लोग घायल हो गयें। लोगो ने राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में को सूचना दी जिस पर डायल-100 कंट्रोल रूम ने तत्काल कोतमा थाना क्षेत्र में तैनात डायल 100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया जहां डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर घायलों को एफ. आर. व्ही. वाहन एवं चिकित्सा वाहन से कोतमा अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## श्री कल्याण सेवा आश्रम में विश्व कल्याण के लिए किया गया हवन

**अमरकंटक।** चैत्र नव रात्रि के प्रारंभ दिवस से कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में विश्व कल्याण के उद्देश्य से एवं सनातन धर्म का पूरे विश्व में वर्चस्व बने तथा वर्तमान समय में जिस तरह की प्राकृतिक आपदाएं हो रही है जो कि मनुष्य जीवन के लिए उचित नहीं है उन सबके रोकथाम एवं मनुष्य का जीवन सामान्य बना रहे। इस कल्याण हेतु नवदिवसीय हवन किया गया कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध निवासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज ने बताया की हवन करने से अनेकों अनेक फायदे हैं सर्वप्रथम तो हमारे आसपास के वातावरण पूर्णतया शुद्ध हो जाता है एवं सनातन धर्म में हवन का अपना ही महत्व है पुरातन जमाने से साधु संत हवन करते आ रहे हैं इस परंपरा का निर्वहन करते हुए हम लोग भी साल भर कोई ना कोई हवन करते रहते हैं चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर पूरे नव दिवस आश्रम परिसर में विशेष हवन का आयोजन किया गया। इसका मूल उद्देश्य प्राकृतिक आपदाएं ने घअे एवं जन कल्याण हो सके इस कामना के साथ हवन किया गया हवन करने के लिए विद्वान पंडितों के एक समूह को चयन किया गया जो पूरे नौ दिवसीय हवन को संपन्न करें उनकी जिम्मेदारी स्वामी धमार्नंद महाराज को मिला जिसका दायित्व इन्होंने पूरे परिश्रम एवं लगन के साथ संपन्न कराया। पूरे 9 दिवसीय रात्रि कालीन हवन के पश्चात कन्या पूजन एवं कन्या भोजन के प्राप्त हवन समाप्ति की गई। पंडित मुकेश पाठक जो हवन के मुख्य आचार्य थे इन्होंने बताया कि हमारे साथी प्रखंड पंडितों के द्वारा हमने हवन को सनातनी परंपरा के अनुसार संपन्न किया अन्य सदस्य गणों में स्वामी नर्मदानंद जी महाराज पंडित संदीप ज्योतिषि पंडित राकेश उपाध्याय पंडित राज एवं अन्य पंडितों की टीम वी आश्रम के भक्तगण उपस्थित रहे।

## भक्ति भावना के साथ श्री राम जानकी मंदिर में मनाया गया रामनवमीं का पर्व



**अनूपपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर श्री राम जानकी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम भक्ति-भावना के साथ मनाया गया। मंदिर में मां भगवती की आकर्षक प्रतिमा स्थापित होने के कारण विगत 9 दिन से माता रानी की पूजा, अर्चना का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। पूरी तरह से मंदिर को भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया गया था।चैत्र नवरात्रि के दिन परंपरानुसार श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से हरि नाम संकीर्तन सभा की तरफ से रामायण गायन का कार्यक्रम रखा गया एवं ठीक 12 बजे भगवान श्री राम के जन्म के साथ पूजन, आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। संपूर्ण कार्यक्रम भक्ति भावना से परिपूर्ण एवं भारी उत्साह एवं हर्षोल्लास भक्तों की भारी भीड़ के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम आयोजन श्री राम जानकी मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद शर्मा, सचिव अमर केवलानी, सदस्य मनोज गुप्ता, सुदेव चटर्जी, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, पप्पू अग्रवाल, कैलाश गुप्ता आदि भक्तगणों की उपस्थिति में दुर्गा नवमी एवं श्री राम जन्मोत्सव का पर्व संपन्न हुआ। सभी के सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई।

### मतदान के साथ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम मशीनों में आज होगा बन्द

# कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगा मतदान

**4 जून को खुलेगा पिटारा, तब सिर्फ एक प्रत्याशी का चमकेगा सितारा**

**संसदीय क्षेत्र के 17 लाख 77 हजार 175 मतदाता आज तय करेंगे भविष्य**

**2090 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी व सुरक्षा दस्ते निर्वाचन के लिए तैनात**

लोकसभा निर्वाचन -2024 के लिए मतदान प्रक्रिया आज प्रात: 7 बजे से प्रारम्भ हो जाएगी। मतदान समापन का समय शाम 6 बजे है जिसमे समस्त मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग का अवसर प्राप्त होगा जो प्रत्याशियों के भविष्य तय करेंगे। शहडोल लोक सभा सीट से मैदान में कूदे दसों प्रत्याशियों ने बीते कुछ दिन अपनी पूरी ताकत लोकसभा सीट जीतनें में लगा दी है।






**अनूपपुर।**

वहीं प्रशासन द्वारा भी जनता को अधिक से अधिक मतदान करने के अलग अलग कार्यक्रम और जागरूकता अभियान तेजी से चलाया तथा अभियान के जरिये मतदान करने की अपील की है।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल हेतु मतदान 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ के दिशानिर्देश में जिले में निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। शहडोल संसदीय क्षेत्र में 17 लाख 77 हजार 175 पुरुष एवं महिला तथा अन्य श्रेणी के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अनूपपुर जिले के 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 51 हजार 979 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 76 हजार 587 पुरुष तथा 75 हजार 388 महिला मतदाता तथा 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी तरह 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 80 हजार 538 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 91 हजार 491 पुरुष तथा 89 हजार 45 महिला मतदाता तथा 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 3 हजार 77 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें एक लाख एक हजार 414 पुरुष तथा एक लाख एक हजार 662 महिला मतदाता तथा 1 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले के 699 मतदान केन्द्रों के लिए 3108 मतदान कार्मिक नियुक्त किए गए हैं।

### शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

शहडोल लोकसभा क्षेत्र के चुनाव मैदान में 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीनों में बंद हो जायेगा। यहां शहडोल लोकसभा क्षेत्र में जो प्रत्याशी चुनाव लड रहे हैं उनमें बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री धनीराम कोल का चुनाव चिन्ह हाथी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी फुन्देलाल सिंह मार्को का चुनाव चिन्ह हाथ, भारतीय जनता पार्टी की अभ्यर्थी श्रीमती हिमाद्री सिंह का चुनाव चिन्ह कमल, गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी अनिल सिंह धुर्वे का चुनाव चिन्ह आरी, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के अभ्यर्थी अमृत लाल सिंह उईके का चुनाव चिन्ह फलों से युक्त टोकरी, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी की अभ्यर्थी डॉ. दुर्गावती भरिया का चुनाव चिन्ह डीजल पम्प, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रविकरण सिंह धुर्वे का चुनाव चिन्ह बाँसुरी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी समर शाह सिंह गोंड़ का चुनाव चिन्ह बाल और हंसिया, निर्दलीय अभ्यर्थी केशकली बैगा का चुनाव चिन्ह अलमारी तथा निर्दलीय अभ्यर्थी गुन्जान सिंह का चुनाव चिन्ह ऑटो-रिक्शा है।

### 434 मतदान केन्द्रों की होगी वेब कास्टिंग, 9 में सीसीटीवी

जिले में होने वाले मतदान के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ द्वारा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं। जिले के 699 मतदान केन्द्रों में से 434 मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग की जाएगी तथा 9 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी की व्यवस्था रहेगी। 699 मतदान केन्द्रों में 102 संवेदनशील मतदान केन्द्र भी शामिल हैं। निर्वाचन मतदान के सुचारू संचालन के लिए 70 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिले के विधानसभा क्षेत्रों में 26 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जहां मतदाताओं के सुविधाओं के साथ ही आकर्षक साज-सज्जा की गई है। इसी प्रकार 45 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। 235 मतदान केन्द्रों में 2 महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है। जिले के 102 मतदान केन्द्रों में माइक्रो आब्जर्वर की तैनातगी की गई है। उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए जिले के 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिनमें 2 लाख 69 हजार 492 पुरुष तथा 2 लाख 66 हजार 95 महिला मतदाता तथा 7 अन्य मतदाता शामिल हैं।

### सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कर सकेंगे मतदान

लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान आज प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के समय यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र के परिसर पर आ जाता है, तो पीठीसीन अधिकारी उसे पर्ची देकर मतदान कराएंगे। निर्धारित समय समाप्ति से पाँच मिनट पहले तक परिसर में जितने भी मतदाता मतदान के लिए शेष होंगे उन सबको पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित पर्ची दी जाएगी। इनके मतदान करने के बाद मतदान समाप्त होगा।

### व्यवस्थित मतदान के लिए सुरक्षा बल की सख्त व्यवस्था

लोकसभा निर्वाचन में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सुरक्षा की सख्त व्यवस्था रहेगी। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद इरशाद मंसूरी के नेतृत्व में जिले के सभी मतदान केन्द्र स्तर पर सुरक्षा बलों की सख्त व्यवस्था की गई है। 70 निर्वाचन सेक्टरों में सेक्टर अधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त निर्वाचन की सुचिता को बनाए रखने के लिए सीएपीएफ के 72, सशस्त्र बल 10 वीं वाहिनी के 44, जीआरपी के 50, एसएपी के 67, होमगार्ड छत्तीसगढ़ के 200 जवान, उज्जैन होमगार्ड के 400 जवान, उज्जैन पुलिस फोर्स के 80 तथा सेक्टर एवं पोलिंग बूथ में पुलिस के 102 अधिकारी, एसएसटी, एफएसटी नाका व पोलिंग बूथ में 334 पुलिस कार्मिक, 23 रिजर्व बल सहित 2090 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का बल लगाया गया है। जो सुरक्षा की कमान संभालेंगे। निर्वाचन के दौरान कार्यपालिक दण्डाधिकारियों के साथ पुलिस बल के साथ ही क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) थाना स्तर पर बनाई गई है। कन्ट्रोल रूम स्थापित कर विशेष सुरक्षा दस्ता तैनात किया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों का सतत भ्रमण कर चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। जिले में बनाए गए 699 मतदान केन्द्रो में विशेष पुलिस अधिकारियों की तैनातगी की गई है।

### दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था

मतदान दिवस पर शहडोल संसदीय क्षेत्र में 462 मतदान केन्द्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है। जानकारी के मुताबिक 84-जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में 130, 85-जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में 67, 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 45, 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में 100, 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 90 तथा 91-बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 30 मतदान केन्द्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है।

### 5 मतदान केन्द्रों में दिव्यांग कार्मिक संभालेंगे व्यवस्था

शहडोल संसदीय क्षेत्र के 84-जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में 01, 85-जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में 01, 89-बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 01 तथा 91-बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 02 इस तरह शहडोल संसदीय क्षेत्र में कुल 5 मतदान केन्द्रों में मतदान की व्यवस्था दिव्यांग कार्मिक संभालेंगे।

### मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता से गदगद हुए मतदान दल

मतदान कराने के लिए जिला मुख्यालय अनूपपुर के पालीटेक्निक कालेज से चुनाव सामग्री लेकर रवाना हुए मतदान दलों का मतदान केन्द्रों में पहुंचने पर स्थानीय परम्परा के अनुसार स्थानीय शासकीय मैदानी अमले द्वारा स्वागत किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के दिशानिर्देश में मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के लिए मूलभूत आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय क्षेत्रों में मुख्य नगरपालिका अधिकारियों के नेतृत्व में मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा मतदान दिवस के लिए मतदाताओं की सुविधाओं के लिए भी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के साथ पेयजल, मतदान केन्द्रों में रैम्प, व्हील चेयर, शौचालय, छांव की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

## रामकथा राज्य अभिषेक के साथ हुआ कथा का समापन



### हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने किया राम जी का राज्याभिषेक

**राजनगर।** राजनगर में 23 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री सत चंडी महायज्ञ एवं श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन राजनगर काली मंदिर प्रांगण में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक सम्पन्न हुई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी रामकथा की भक्तिमयी गंगा में डुबकी लगाई। कथा समापन के दिन श्री श्री 1008 श्री शेषनारायणाचार्य महाराज द्वारा राम जी का राज्याभिषेक हसदेव क्षेत्र के प्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा कराया गया। द्वारकाधीश अस्सी बनारसी द्वारा आयोजित रुद्र महायज्ञ राजनगर परिवार के द्वारा किया गया है। जहां नगर की महिलाएं पुरुष बच्चे यज्ञ भगवान के परिक्रमा कर पुण्य के भागीदार बने एवं रात्रि 8 बजे से कथावाचक बाल विदुषी शिखा तिवारी वाराणसी के द्वारा संगीतमयी राम कथा का प्रवचन किया गया। जिसमे मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म से लेकर ताड़का वध, सीता स्वयम्बर, राम सीता विवाह, राम वनगमन, सूर्पनखा लक्ष्मण संवाद, मृग मारीच प्रसंग, शबरी मिलन, सुग्रीव हनुमान मिलन, जटायू प्रसंग, शिव स्तुति, लंका कांड, राम रावण युद्ध, राज्याभिषेक सुंदरकांड की रामकथा वाचक बाल विदुषी शिखा तिवारी द्वारा संगीतमय रामकथा को सुनने के लिए भारी संख्या में नगर के महिला पुरुष यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं। राज्य अभिषेक के दौरान हजारों की संख्या में महिला और पुरुष आनंदित हुए व भक्तिभाव से भगवान राम का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। भगवान राम सीता के पैर पखारे गए मंगल गीत महिलाओं के द्वारा गाए गए राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे यह भक्ति गीत का गायन भी हुआ। कमेटी के द्वारा हसदेव अध्यक्ष के मुखिया महाप्रबंधक संजय मिश्रा का श्रीफल और शॉल द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें उप क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र कुमार कमेटी के विनोद तिवारी और कमेटी के सभी सदस्य द्वारा महाप्रबंधक का स्वागत किया गया। महाप्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा उद्बोधन में कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि यह महायज्ञ करीब 23 साल से चल रहा है और मैं सभी श्रद्धालुओं से सहयोग के साथ यह कहूंगा कि यह ऐसे ही अनवरत चला रहे और मां की कृपा सब पर बनी रहे। आप लोग इस अमृतवाणी का रसपान किए मैं उम्मीद करता हूं, कि यह आयोजन लगातार जारी रखें जब तक यह खदान है। इससे आप जीवन में सनातन धर्म से जुड़ते हैं और जीवन में जीने की कला सीखते हैं। समापन के दिन दोपहर 1 बजे से महाभंडारा प्रारंभ हुआ। जो अनवरत शाम 5 बजे तक चला जिसमें नगर के हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा का महाप्रसाद पाया।

# हैण्डपंप पानी की जगह उगल रहे हवा

## भीषण गर्मी में क्षेत्रवासी पीने के पानी के लिए मोहताज

**कोतमा।**



वर्तमान में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। कड़ाके की धूप पड़ने लगी है लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है वही नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर के वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव में चार दिनों से नल जल योजना के तहत पेयजल की सप्लाई नहीं की गई जिसके कारण वहां के रहवासियों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोविंदा गांव में हैंडपंप भी सफल नहीं है चूंकि जो हैंड पंप लगे हैं उसे हवा निकल रही है जिसके कारण महिलाओं एवं बच्चों को पीने के पानी के लिए दूर जाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि चार दिनों से फिल्टर में लगा मोटर जल गया है जिसके कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जबकि वार्ड क्रमांक 11 मे दो मोहल्ले आते हैं गोविंदा गांव एवं कदम टोला जिसकी आबादी लगभग 1000 की है और नगर पालिका के द्वारा टैंकर के माध्यम से शाम को 4 से 5 टैंकर पानी सप्लाई की जा रही है वह भी पर्याप्त मात्रा में किसी को पानी नहीं मिल पा रहा है और जिनको मिलते भी है वह पानी भी पर्याप्त नहीं होता है जिसके कारण इस भीषण गर्मी में और कड़ाके की धूप में लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि पार्षद के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फोन लगाया जाता है तो वह फोन भी नहीं उठाते हैं और बुधवार को पार्षद का फोन मुख नगर पालिका ने उठाया और यह कहा कि जब मोटर बन जाएगा तब पेयजल की सप्लाई शुरू की जाएगी और फोन काट दिया। जब यह हाल एक निर्वाचित पार्षद के साथ है तो आम जनता के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी का व्यवहार कैसा होगा इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मिनी फिल्टर प्लांट से लाते हैं पानी

ग्रामीणों ने बताया कि गोविंदा गांव से मिनी फिल्टर प्लांट की दूरी लगभग 4 से 500 मीटर है और पीने के पानी के लिए साइकिल से मिनी फिल्टर प्लांट जाते हैं और वहां से साइकिल में डिब्बा में ढोकर पानी लाते हैं। वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव के पार्षद नोहर सिंह ने बताया कि 14 15 अप्रैल से मिनी फिल्टर प्लांट का मोटर जल गया है जिसके कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। नगर पालिका के द्वारा 4 से 5 टैंकर शाम को पानी की सप्लाई करवाई जा रही है वह भी पर्याप्त मात्रा में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है हैंडपंप जो लगे हैं वह सफल नहीं है हैंडपंप हवा उगल रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुय्ख्य नगर पालिका अधिकारी को मेरे द्वारा फोन लगाकर पेयजल की समस्या से अवगत कराने के लिए फोन लगाया गया था लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा मेरा फोन नहीं उठाया गया। 17 अप्रैल बुधवार को मेरे द्वारा फोन लगाया गया तो अधिकारी ने कहा कि जब मोटर बन जाएगा तब पेयजल की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी और उन्होंने फोन काट दिया। गोविंदा गांव निवासी खुलन यादव का कहना है कि चार-पांच दिनों से गांव में पेयजल की सप्लाई नहीं हुई है इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए हम लोग परेशान हैं नगर पालिका के द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई शाम को करवाई जा रही है वह भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है इस भीषण गर्मी में और तपती दोपहरी में साइकिल से हम लोग 4 से 500 मीटर की दूरी पर मिनी फिल्टर प्लांट जाते हैं और साइकिल से पानी लेकर आ रहे हैं। पवन यादव का कहना है कि गोविंद गांव के साथ नगर पालिका के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है चार-पांच दिनों से मिनी फिल्टर प्लांट में लगे मोटर के जल जाने के कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो रही है पीने के पानी एवं दैनिक उपयोग के पानी के लिए हम लोग परेशान हैं।

# यह कैसी समर स्पेशल ट्रेन, बिलासपुर से कटनी के बीच एक भी स्टापेज नहीं

**अनूपपुर।**

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान रेलवे समर स्पेशल के नाम से काफी ट्रेन चलाता है। जिससे अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा की सुविधा मिलती है, लेकिन आज से प्रारंभ हो रही पुरी-निजामुद्दीन एवं निजामुद्दीन-पुरी समर स्पेशल ट्रेन जो की 10 फेरों के लिए चलेगी। यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-कटनी मुड़वारा एवं कटनी मुड़वारा-बिलासपुर रेल सेक्शन होते हुए चलेगी। दोनों स्टेशनों के मध्य लगभग 319 किलोमीटर का सफर अप, डाउन दोनों दिशा में यह ट्रेन बिना रुके, बिना यात्रियों को लिए चलेगी। जो निश्चित रूप से रेलवे के लिए घाटे का सौदा होगा और जो रेलवे यह बात करती है कि अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुविधा मिलेगी यह केवल यात्रियों के साथ छलावा है। ट्रेन नंबर 08475 पुरी-निजामुद्दीन समर स्पेशल 19 अप्रैल से 28 जून तक प्रति सप्ताह शुक्रवार को चलेगी एवं ट्रेन नंबर 08476 निजामुद्दीन-पुरी समर स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून तक चलेगी। इस गाड़ी में 02 एसएलआर, 05 सामान्य, 07 स्लीपर, 06 एसी थ्री तथा 02 एसी-2 सहित कुल 22 कोच की सुविधा रहेगी। ट्रेन नंबर 08475 पुरी-निजामुद्दीन बिलासपुर स्टेशन पर 16.50 पर आकर 17.00 बजे प्रस्थान करेगी।यह ट्रेन कटनी मुरवारा रात्रि 23.30 बजे पहुंच कर 23.40 बजे प्रस्थान करेगी।कटनी मुड़वारा के आगे दमोह,सागर सभी जगह स्टॉपेज हैं, लेकिन बिलासपुर से कटनी के मध्य कोई स्टॉपेज रेलवे ने घोषित नहीं किया, वही ट्रेन नंबर 08476 निजामुद्दीन-पुरी कटनी मुड़वारा स्टेशन 12.50 बजे आकर 13.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बिलासपुर 18.20 पहुंच कर 18.30 पर प्रस्थान करेगी।यह ट्रेन भी सागर,दमोह रुकते हुए कटनी मुड़वारा पहुंचेगी। कटनी मुड़वारा से बिलासपुर के मध्य रेलवे ने इसका भी कोई स्टॉपेज घोषित नहीं किया। लोगों को आश्चर्य हो रहा है कि यह कैसी समर स्पेशल है जो की 319 किलोमीटर में महत्वपूर्ण स्टेशन पेंड्रा रोड, अनूपपुर जंक्शन, शहडोल एवं उमरिया कहीं भी नहीं रुक रही।



**बैग गुमा**

मैं शारदा प्रसाद वर्मा आयु 37 वर्ष पिता श्री भगवती प्रसाद वर्मा जाति वर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 10 अमरकंटक पो. अमरकंटक थाना अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर म.प्र. आधार कार्ड कमांक 8479 3602 1554 निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि मैं दिनांक 08.04.2024 को रात्रि 9.30 बजे लगभग अनूपपुर से अमरकंटक जा रहा था तो भुण्डाकोना घाट में मेरा बैग कहीं पर गिर गया है । मेरे बैग में तहसील न्यायालय पुष्पराजगढ़ से संबंधित आदेश की मूल कापी एवं अन्य दस्तावेज थी जिसकी सूचना पुलिस थाना अमरकंटक में दिनांक 09.04.2024 को लिखित सूचना दिया हूँ। अत: जिस किसी भी सज्जन को मेरा बैग प्राप्त हो गया हो तो मुझे मोबाइल नम्बर 6267925080 में सूचित करे, मेरा बैग वापस करने पर उचित इनाम प्रदान किया जावेगा।

शपथकर्ता
शारदा प्रसाद वर्मा
मो. नं.-6267925080